दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र (2018–19)
पुनरावृत्ति पत्रिका–2

कक्षाः तीसरी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　विषयः हिन्दी

उपविषयः– पाठ–7 घमंडी कौन, पाठ–9 सुनहरा टापू, पाठ–10 नानी की निशानी (कविता), पर्यायवाची, क्रिया, मुहावरे, विशेषण, रचनात्मक लेख (चित्र वर्णन), अपठित गद्यांश ,पठित गद्यांश

अपठित गद्यांश

प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

आज पूरे संसार में जिन सचिन रमेश तेंदुलकर के नाम की धूम है, उनका जन्म, 24 अप्रैल सन् 1973 को मुंबई में हुआ था। नन्हे सचिन को सब बहुत प्यार करते थे। केवल 15 वर्ष की आयु में सचिन ने बॉम्बे क्रिकेट टीम की ओर से गुजरात के विरुद्ध खेलते हुए अपना पहला शतक लगाया। इसके बाद फिर उन्होंने पलटकर नहीं देखा। एक के बाद एक शतक और अदर्धशतक के रिकॉर्ड उनके नाम के साथ जुड़ते चले गए। 16 मार्च, 2012 को बांग्लादेश के विरुद्ध खेलते हुए उन्होंने अपना 100 वाँ अंतर्राष्ट्रीय शतक लगाया, जिसे महाशतक के नाम से जाना गया। 'वर्ल्ड कप' जीतना और 'महाशतक' बनाना–ये दो उनके स्वप्न थे, जो कि मार्च 2011 और मार्च 2012 में क्रमशः पूरे हुए।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1) सचिन ने किसके विरुद्ध खेलते हुए पहला शतक लगाया?

2) सचिन के कौन–से दो स्वप्न थे?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए–

1) सचिन ने पहला शतक कितने वर्ष की आयु में लगाया?

क) 15 वर्ष　　ख) 16 वर्ष　　ग) 20 वर्ष

2) सचिन का पहला स्वप्न कब पूरा हुआ?

क) मार्च 2009　　ख) मार्च 2011　　ग) मार्च 2010

ग) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए–

1) संसार – दुनिया, मुनिया, गुड़िया

2) शतक – तीन रन, सौ रन, पाँच रन

घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाइए–

1) सचिन का जन्म 24 अप्रैल सन् 1973 को हुआ था। (　　)

2) नन्हे सचिन को कोई प्यार नहीं करता था।(　　)

पाठ से संबंधित

प्र02 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

तीनों दोस्तों को राहुल घमंडी लगा। उन्होंने निश्चय किया कि वे राहुल से कभी बात नहीं करेंगे। इसी तरह कई महीने बीत गए। उन तीनों ने राहुल से कभी बातचीत नहीं की। एक दिन वे तीनों गेंद खेल रहे थे। अचानक गेंद उछलकर शर्मा जी के घर चली गई। तीनों दौड़कर उनके घर पहुँचे। आँगन में राहुल बैठा था। बीनू राहुल से बोली, ''क्या तुम हमारी गेंद दे सकते हो?'' पर राहुल कुछ न बोला। वह उठा और गेंद ले आया।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1) तीनों दोस्तों को राहुल क्या लगा और उन्होंने क्या निश्चय किया?

2) तीनों दौड़कर किसके घर पहुँचे और वहाँ आँगन में कौन बैठा था?

ख) निम्नलिखित वाक्य में सही / गलत का निशान लगाएँ–

1) अचानक गेंद उछलकर वर्मा जी के घर चली गई। ( )

प्र03 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क) शैलू ने सुनहरे टापू के बारे में पहले से क्या सुन रखा था?

ख) तीनों दोस्तों को किस बात का दुख हुआ?

ग) बीनू ने राहुल से क्या कहा?

प्र04 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ–

क) घमंडी ख) टापू ग) बेहोशी घ) निश्चय

प्र05 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क) राहुल उठा और .... ले आया।

ख) .... पढ़कर बीनू कुछ न बोल सकी।

ग) गाँववालों ने .... के पिता को ही अपना मुखिया चुन लिया।

घ) शैलू .... के किनारे बैठी रोती रहती थी।

प्र06 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

यूँ है खिलौनों का अंबार, ...

.... ,छोड़ के अपनी हर शैतानी।

प्र07 **निम्नलिखित वाक्य किसने कहे लिखिए–**

क) "मेरे पिता समुद्र में गए थे, पर अभी तक नहीं लौटे।"

ख) "क्या तुम हमारी गेंद दे सकते हो?"

प्र08 **सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

क) उनके पड़ोस में कौन आए?

1) शर्मा जी   2) वर्मा जी   3) गुप्ता जी

ख) मछुआरों द्वारा पकड़ी मछलियाँ कौन ले जाता था?

1) राजा   2) स्वामीनाथन   3) मंत्री

व्याकरण से संबंधित

प्र09 **कोष्ठक में दिए शब्द का पर्यायवाची लिखकर रिक्त स्थान भरिए–**

क) मुझे ठंडा .... पीना है। (जल)

ख) .... में सुंदर फूल खिले हैं। (उद्यान)

ग) मेरी .... सबसे अच्छी है। (माता)

प्र010 **निम्नलिखित शब्दों में जो पर्यायवाची नहीं हैं, उन्हें चुनकर लिखिए–**

क) ईश्वर   प्रभु   गृह   भगवान

ख) सर्प   माता   अहि   भुजंग

ग) आग   चाँद   चंद्रमा   शशि

प्र011 **कोष्ठक में से सही क्रिया शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए–**

क) हम सब राम को उपहार ....। (दूँगा / देंगे)

ख) मैं नहा–धोकर तैयार .... हूँ। (होती / खाती)

ग) पिता जी ने खिलौना ....। (लाया / लाई)

प्र012 **निम्नलिखित वाक्य क्रिया शब्द लिखकर पूरे कीजिए–**

क) माता जी खाना ....।

ख) मैंने उत्सव में गाना ....।

ग) आकाश में पतंगें ....।

प्र013 **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ–**

क) दाल न गलना   ख) अगर–मगर करना   ग) लाल–पीला होना

प्र014 कोष्ठक में से सही मुहावरा चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

क) कमरे में सामान बिखरा देख पिता जी .... गए।

(लाल–पीला होना / अगर–मगर करना)

ख) .... एक बुरी आदत है।

(कान भरना / पीठ थपथपाना)

ग) छुट्टियों में बच्चे शोर मचाकर मम्मी की .... कर देते हैं।

(घुटने टेकना / नाक में दम करना)

प्र015 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण शब्द भरिए–

क) रानी .... है।

ख) मेरी कमीज़ .... है।

ग) मेरे पास .... खिलौने हैं।

प्र016 कोष्ठक में से सही विशेषण शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए–

क) कार के .... पहिए होते हैं। (चार / बड़ा)

ख) मेरे पास .... चादर है। (खट्टी / नई)

ग) जग में .... पानी है। (ठंडा / दो किलो)

प्र017 निम्न दिए गए चित्र का वर्णन सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद के रूप में कीजिए–

(शब्द सीमा 60–70)

संकेत बिंदु:–मदारी, बच्चे, बंदरिया, नाच, डमरू, बंदर, गेंद, घर, पेड़, झाड़ियाँ, रस्सी, छड़ी, फ्रॉक, खुश, अच्छा



Sonika